www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 NOVEMBER 05, 2017 SHIFT 1 LINGUISTICS QUESTION PAPER

N 0 3 1 1 7

# PAPER - II
# LINGUISTICS

Time : 1¼ hours] [Maximum Marks : 100

Number of Pages in this Booklet : 20 | Number of Questions in this Booklet : 50

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# LINGUISTICS

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. The usual term for the relationship which exists between languages that are members of the same language family is :

   (1) Typological Relationship  (2) Areal Relationship

   (3) Genetic Relationship  (4) Classical Relationship

2. **Assertion (A) :** A basic term in linguistics for the set of substitutional relationships a linguistic unit has with other units in a specific context is called paradigmatic.

   **Reason (R) :** Paradigmatic relations can be established at all levels of analysis.

   **Code :**

   (1) Both (A) and (R) are true.  (2) (A) is true, but (R) is false.

   (3) (A) is false, but (R) is true.  (4) Both (A) and (R) are false.

3. The primitive elements in a grammar, required for the analysis of linguistic data, e.g. NP, VP, [+ grave], [+ abstract] are called :

   (1) Substantive universals  (2) Formal universals

   (3) Statistical universals  (4) Absolute universals

4. A relation between two speech sounds such that replacing one by the other makes a difference in the meaning of a word is called :

   (1) Constative  (2) Connectionism  (3) Calque  (4) Contrast

5. The property that language can communicate information about something far away in time and space is called :

   (1) Arbitrariness  (2) Displacement

   (3) Interchangeability  (4) Double Articulation

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# भाषा विज्ञान

## प्रश्नपत्र - II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. एक ही भाषा परिवार की भाषाओं के बीच के संबंध को निरूपित करने वाले पद को कहा जाता है :

   (1) प्ररूपी संबंध (2) क्षेत्रीय संबंध

   (3) आनुवंशिक संबंध (4) क्लासिकी संबंध

2. **अभिकथन (A) :** एक भाषायी इकाई का अन्य भाषायी इकाइयों के साथ एक विशिष्ट संदर्भ में प्रतिस्थापनात्मक संबंधों के समुच्चय हेतु भाषाविज्ञान में प्रयुक्त होने वाला मूल पद रूपावली विषयक संबंध है।

   **तर्क (R) :** रूपावली विषयक संबंधों को विश्लेषण के सभी स्तरों पर स्थापित किया जा सकता है।

   **कूट :**

   (1) (A) और (R) दोनों सही हैं। (2) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

   (3) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है। (4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

3. भाषायी आंकड़ों यथा NP, VP, [+ grave], [+ abstract] के विश्लेषण हेतु अपेक्षित किसी व्याकरण के अनगढ़ तत्वों को कहा जाता है :

   (1) तात्विक सार्वभौम (2) रूपात्मक सार्वभौम

   (3) सांख्यिकीय सार्वभौम (4) पूर्णरूपेण सार्वभौम

4. दो वाक्-स्वनों के बीच संबंध जहाँ एक के द्वारा दूसरे का प्रतिस्थापन किसी शब्द के अर्थ में अंतर ला देता है। इस संबंध को कहा जाता है :

   (1) कंस्टेटिव (Constative) (2) संयोजनवाद

   (3) केल्क (Calque) (4) व्यतिरेक

5. भाषा का वह गुण जिसके माध्यम से वह सुदूर देशकाल की किसी बात के बारे में जानकारी सम्प्रेषित कर सकती है, कहलाता है :

   (1) यादृच्छिकता (2) विस्थापन

   (3) अंतर-परिवर्तनशीलता (4) द्वितीयक उच्चारण

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

6. Animal communication, unlike human language is :
(1) Discrete and symbolic
(2) Anomalous and symbolic
(3) Discrete and non-symbolic
(4) Anomalous and non-symbolic

7. In a multilingual setting, if one language becomes increasingly dominant over the other languages, taking over more and more of the domains in which these other languages were once used, then it is called :
(1) Language shift
(2) Non-standard
(3) Language change
(4) Diglossia

8. The question, 'How the mentally represented grammar is employed in the production and comprehension of speech ?' is addressed by :
(1) the information scientist
(2) the psycholinguist
(3) the neurolinguist
(4) the grammarian

9. The argument that the child's linguistic experience is *not sufficient* to justify the adult grammar has come to be known as :
(1) The *regularity* argument
(2) The *garden path* argument
(3) The *LF* argument
(4) The *poverty of stimulus* argument

10. **Assertion (A) :** A *compound word* consists of two words.
**Reason (R) :** There is a theoretical limit to the lengths of compounds because the process of forming compounds cannot feed itself *ad infinitum* and cannot be subject to further compounding.

**Code :**
(1) Both (A) and (R) are true.
(2) (A) is true, but (R) is false.
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are false.

11. Production of speech that relies on the movement of air outwards from the lungs is called :
(1) Egressive non-pulmonic air stream mechanism
(2) Egressive pulmonic air stream mechanism
(3) Egressive glottalic air stream mechanism
(4) Ingressive velaric air stream mechanism

12. A general term in the classification of speech sounds which corresponds to frictionless continuants is :
(1) Approximant
(2) Glide
(3) Liquid
(4) Vowels

6. मनुष्य की भाषा के विपरीत पशुओं के बीच सम्प्रेषण होता है :
(1) विच्छिन्न और प्रतीकात्मक (2) अविच्छिन्न और प्रतीकात्मक
(3) विच्छिन्न और गैर-प्रतीकात्मक (4) अविच्छिन्न और गैर-प्रतीकात्मक

7. किसी बहुभाषिक व्यवस्था में, यदि कोई भाषा अन्य भाषाओं पर उत्तरोत्तर रूप से हावी होती जाती है और अन्य भाषाओं के बोले जाने वाले क्षेत्र पर अधिकार करती चली जाती है तो इस स्थिति को कहा जाता है :
(1) भाषा परिवृत्ति (2) गैर-मानक
(3) भाषा परिवर्तन (4) द्विभाषारूपिता

8. प्रश्न 'वाक् उत्पादन और अर्थग्रहण में मानसिक धरातल पर प्रतिपादित व्याकरण का प्रयोग कैसे किया जाता है?' निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है?
(1) सूचना वैज्ञानिक (2) मनोभाषाविज्ञानी
(3) तंत्रिका भाषाविज्ञानी (4) वैयाकरण

9. इस युक्ति को, 'कि प्रौढ़ व्याकरण को तर्कसंगत बताने के लिए बच्चों का भाषायी अनुभव *पर्याप्त नहीं* होता है', कहा जाता है :
(1) *नियमितता* युक्ति (2) *'गार्डन पाथ'* युक्ति
(3) *एल एफ* युक्ति (4) *उद्दीपन निर्धनता* युक्ति

10. **अभिकथन (A) :** संयुक्त शब्द दो शब्दों से बना होता है।
**तर्क (R) :** संयुक्त शब्दों की लम्बाई की सैद्धांतिक सीमा है क्योंकि संयुक्त शब्द निर्माण की प्रक्रिया *अनंत* नहीं हो सकती और संयुक्त शब्दों को जोड़कर आगे संयुक्त शब्द नहीं बनाए जा सकते।

**कूट :**
(1) (A) और (R) दोनों सही हैं। (2) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(3) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है। (4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

11. वाक् उत्पादन जो फेफड़ों से बाहर की ओर जाने वाली हवा की गति पर निर्भर करता है, कहलाता है :
(1) बहिर्गामी गैर फुप्फुसीय वायुप्रवाह तंत्र (2) बहिर्गामी फुप्फुसीय वायुप्रवाह तंत्र
(3) बहिर्गामी श्वासदारीय वायुप्रवाह तंत्र (4) अंतर्गामी मृदुतालव्य वायुप्रवाह तंत्र

12. वाक्-स्वनों के वर्गीकरण में एक सामान्य पद जो घर्षणरहित प्रवाहियों का संगत है, निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(1) अभिगामी (2) विसर्प (3) तरल स्वन (4) स्वर

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

13. The system of reference vowels, traditionally represented as a quadrilateral, which defines the periphery of the available 'space' for the articulation of vowels is known as :

(1) Systemic Functional Linguistics (2) Visual Word form Area
(3) Cardinal Vowel System (4) Vocalization System

14. A term used to describe consonants that occur at the border between two syllables and that can be thought of as both the coda of the first one and the onset of the second one :

(1) Semisyllabic (2) Ambisyllabic (3) Disyllabic (4) Polysyllabic

15. The term used in phonology to describe what happens when the distinction between two phonemes is lost in a particular environment :

(1) Assimilation (2) Dissimilation (3) Coalescence (4) Neutralization

16. Vocal effect which extends over more than one sound segment in an utterance is called :

(1) Segmental (2) Intensional (3) Supra segmental (4) Aspectual

17. |tʃ| and |dz| are the examples of :

(1) Sandhi (2) Haplology
(3) Pattern congruity (4) Assimilation

18. If one of the constituent words in a compound is the semantic and syntactic head, it is called a(n) .

(1) exocentric compound (2) endocentric compound
(3) copulative compound (4) lexical reduplication

19. The forms www, URL, http and SCSI are examples of :

(1) Acronyms formation (2) Word blends
(3) Alphabetic abbreviations (4) Clippings

20. In morphology, the process by which affixes combine with words to create new words is known as :

(1) Inflection (2) Derivation (3) Extraposition (4) Assimilation

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

13. संदर्भ स्वर प्रणाली जिसे पारंपरिक रूप से एक चतुष्कोण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है जो स्वरों के उच्चारण हेतु उपलब्ध 'स्थान' की परिधि को परिभाषित करती है, कहलाती है :

(1) व्यवस्थित प्रकार्यात्मक भाषा विज्ञान (2) दृश्य शब्द रूप क्षेत्र
(3) मान स्वर प्रणाली (4) स्वरीकरण प्रणाली

14. एक पद, जिसका प्रयोग दो अक्षरों के बीच की सीमा पर आनेवाले व्यंजनों का उल्लेख करने के लिए किया जाता है और जिसे पहले अक्षर के अंत और दूसरे अक्षर के प्रारंभ दोनों के रूप में लिया जाता है, कहलाता है :

(1) अर्द्ध-अक्षरी (2) उभयाक्षरी (3) द्वि-अक्षरी (4) बहु-अक्षरी

15. वह पद जिसका प्रयोग स्वनिमविज्ञान में यह दर्शाने के लिए किया जाता है कि क्या होता है जब किसी खास वातावरण में दो स्वनिमों के बीच का अंतर मिट जाता है ?

(1) समीभवन (2) विषमीभवन (3) संधि (4) निर्विषमीकरण

16. वह उच्चारणात्मक प्रभाव जो एक उच्चार में एक से अधिक स्वन-खंडों पर विस्तारित हो जाता है, कहलाता है :

(1) खण्डात्मक (2) साभिप्राय (3) अधिखण्डात्मक (4) पक्षात्मक

17. |tʃ| और |dz| निम्नलिखित में से किसके उदाहरण हैं ?

(1) संधि (2) समाक्षर लोप
(3) अभिरचना अन्विति (4) समीकरण

18. यदि किसी यौगिक में एक घटक शब्द अर्थ-भेदक और वाक्यविन्यास शीर्ष हो तो उसे कहा जाता है :

(1) बहुव्रीहि समास (2) अंत:केंद्रिक समास
(3) द्वंद्व समास (4) शाब्दिक पुनरुक्ति

19. रूप www, URL, http और SCSI निम्नलिखित में से किसके उदाहरण हैं ?

(1) परिवर्णी शब्दों का निर्माण (2) शब्द मिश्रण
(3) मिश्र शब्द (4) कतरन (Clippings)

20. रूप विज्ञान में, वह प्रक्रिया जिसके द्वारा उपसर्ग या प्रत्यय को शब्दों के साथ जोड़कर नए शब्द बनाए जाते हैं, कहलाती है :

(1) विभक्ति (2) व्युत्पत्ति (3) स्थिति बाह्य (4) समीकरण

21. Match the items in the **List-I** with **List-II** and select the **correct** answer from the code given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Complex Noun Phrase Constraint | (i) | Constituency test |
| (b) | Substitution | (ii) | Ross |
| (c) | Base | (iii) | Input to Deep Structure |
| (d) | Head Direction | (iv) | Parameter |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

22. **Assertion (A) :** The rapid and complex development of a childs grammatical competence can be explained by the hypothesis that they are born with an innate knowledge of at least some of the universal structural principles of human language.

**Reason (R) :** The innateness hypothesis contrasts with those approaches that view language in purely behavioural terms.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are correct.

(2) (A) is correct, (R) is false.

(3) (A) is false, (R) is correct.

(4) Both (A) and (R) are false.

23. Which one of the following constructions displays endo-centricity ?

(1) The boy fell
(2) Sit on the table
(3) Kick the ball
(4) The big house

24. **Assertion (A) :** Adjectives can occur in an attributive position and in a predicative position.

**Reason (R) :** Adjectives can be premodified by an intensifier, and can be used in a comparative and superlative form.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true.
(2) (A) is true, but (R) is false.
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are false.

Prepp
Your Personal Exams Guide

21. **सूची - I** में दो मदों को **सूची - II** में दी मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कूट में से **सही** उत्तर का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | जटिल संज्ञा पदबंध अवरोध | (i) | संघटना परीक्षण (कॉन्स्टीट्यूएन्सी टेस्ट) |
| (b) | प्रतिस्थापन | (ii) | रॉस |
| (c) | आधार रूप (बेस) | (iii) | गहन संरचना के लिए आगत (इनपुट) |
| (d) | शीर्ष दिशा (डाइरेक्शन) | (iv) | प्राचल |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

22. **अभिकथन** (A) : बच्चे की व्याकरणीय निपुणता के द्रुत एवं जटिल विकास को इस प्राक्कल्पना द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है कि वो मानव भाषा के कम से कम कुछ सार्वभौमिक संरचनात्मक सिद्धान्तों की अंतर्जात जानकारी के साथ जन्म लेते हैं।

**तर्क** (R) : अंतर्जातता प्राक्कल्पना उन दृष्टिकोणों से अलग होती है, जो भाषा को शुद्ध व्यवहारपरक रूपों में देखती हैं।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं। (2) (A) सही है, (R) गलत है।
(3) (A) गलत है, (R) सही है। (4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

23. निम्नलिखित में से कौन सी रचना अंत:केन्द्रिकता प्रदर्शित करती है ?

(1) लड़का गिरा / दी बॉय फॅल (2) मेज पर बैठो / सीट ऑन दी टेबल
(3) गेंद उछालो / किक दी बॉल (4) बड़ा घर / दी बिग हाऊज़

24. **अभिकथन** (A) : विशेषण सविशेषक रचना और विधेय स्थिति में हो सकते हैं।

**तर्क** (R) : विशेषणों को तीव्रक द्वारा पूर्व-संशोधित किया जा सकता है, और तुलनात्मक एवं अतिशय रूप में उपयोग किया जा सकता है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं। (2) (A) सत्य है, परन्तु (R) मिथ्या है।
(3) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सत्य है। (4) (A) और (R) दोनों मिथ्या हैं।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

25. Which of these sentences is an intransitive sentence ?
(1) The man chased the dog.
(2) The old man laughed.
(3) The tall and foolish man put the book on the table.
(4) The man in the dark dress ate the apple in the garden.

26. In the sentence 'The boy ran with the dog', 'with' is :
(1) Noun (2) Pronoun (3) Verb (4) Preposition

27. Which of the following was not a type of transformation proposed in Standard Theory ?
(1) Addition (2) Suffixation (3) Movement (4) Substitution

28. The phrase 'A Summer's Day' in Shakespeare's verse "Shall I Compare Thee to a Summer's Day" is a classic example of :
(1) Denotation (2) Connotation (3) Irony (4) Satire

29. Match the following :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Affect/Effect | (i) | Gradable pairs |
| (b) | Hot/Cold | (ii) | Complementary pairs |
| (c) | Single/Married | (iii) | Relational opposites |
| (d) | Teacher/Pupil | (iv) | Paronym |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

30. **Assertion (A) :** Shreya has just flown to Delhi Presupposes Shreya has just gone to Delhi.
**Reason (R) :** Ram's sister has measles entails Ram has sister.
Code :
(1) **(A)** is true, but **(R)** is false. (2) **(R)** is true, but **(A)** is false.
(3) Both are true. (4) Both are false.

25. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य अकर्मक वाक्य है ?
   (1) आदमी ने कुत्ते का पीछा किया / दी मैन चेज़ड दी डॉग
   (2) वृद्ध व्यक्ति हंसा / दी ओल्ड मैन लाफ्ड
   (3) लम्बे और बेवकूफ व्यक्ति ने पुस्तक को मेज पर रखा / दी टॉल एंड फूलिश मैन पुट दी बुक ऑन दी टेबल।
   (4) व्यक्ति जिसने काले रंग के वस्त्र पहने थे उसने बाग में सेब खाया / दी मैन इन दी डार्क ड्रैस ऐट दी एप्पल इन दी गार्डन।

26. 'दी बॉय रैन विद दी डॉग' (लड़का कुत्ते के साथ भागा) – इस वाक्य में 'विद' क्या है ?
   (1) संज्ञा (2) सर्वनाम (3) क्रिया (4) प्रतिज्ञप्ति

27. निम्नलिखित में से कौन सा उस प्रकार का रूपान्तर **नहीं** है जैसा कि मानक सिद्धान्त में प्रस्तावित किया गया था ?
   (1) योजन (2) पर प्रत्यय योजन (3) संचलन (4) प्रतिस्थापन

28. शेक्सपियर की पंक्ति "शैल आइ कम्पेयर दी टू ए समर'स डे" में 'ए समर'स डे' निम्नलिखित में से किसका क्लासिक उदाहरण है ?
   (1) वाच्यार्थ (2) लक्ष्यार्थ (3) व्यंग्योक्ति (4) व्यंग्यात्मक

29. निम्नलिखित का मिलान करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अफ़ेक्ट/इफ़ेक्ट | (i) | श्रेणीकरणीय युग्म |
| (b) | गर्म/शीत | (ii) | पूरक युग्म |
| (c) | अविवाहित/विवाहित | (iii) | सम्बन्धात्मक विरोधी पक्ष |
| (d) | अध्यापक/छात्र | (iv) | समोच्चारित शब्द |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

30. **अभिकथन** (A) : श्रेया हैज़ जस्ट फ्लोन टू दिल्ली का अर्थ है श्रेय हैज़ जस्ट गोन टू दिल्ली।
   **तर्क** (R) : राम'स सिस्टर हैज़ मीज़ल्स बताता है कि राम हैज़ सिस्टर।
   **कूट :**
   (1) (A) सत्य है, (R) मिथ्या है। (2) (R) सत्य है, (A) मिथ्या है।
   (3) दोनों सत्य हैं। (4) दोनों मिथ्या हैं।

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

31. If borrowings tend to come from the more prestigious sections of the lexicon and their connotations tend to be prestigious, the concerned language is said to belong to a

(1) Substratum (2) Superstratum (3) Adstratum (4) Dialect

32. A term that refers to the reverse linguistic history of a language on the basis of phonetic variation between forms which are assumed to have had an invariant structure originally is called :

(1) Lexical diffusion (2) Analogical change

(3) Comparative method (4) Internal reconstruction

33. Though sanskrit is an inflecting language, the modern Indo-Aryan languages are said to have become agglutinating under the influence of :

(1) Tibeto-Burman (2) Austro-Asiatic

(3) Dravidian (4) Internal Developments

34. The English expression 'World View' which owes its existence to Germanic 'Weltanschauung' is an example of :

(1) Loan-blend (2) Loan translation

(3) Assimilated loan (4) Unassimilated loan

35. Who proposed the principle that sound changes are conditioned entirely by phonetic factors and sound laws admitted no exceptions ?

(1) Neogrammarians (2) Ferdinand de Saussure

(3) Edward Sapir (4) Daniel Jones

36. **Assertion (A) :** A sound change takes place regularly only at a particular time and in a particular speech community.

**Reason (R) :** A sound change is one that takes place mechanically which means it is not because of psychological motivation.

**Code :**

(1) (A) is true and (R) is false. (2) (A) is false and (R) is true.

(3) (A) and (R) both are true. (4) (A) and (R) both are false.

37. Which of the following is a language isolate ?

(1) Nagamese (2) Nihali (3) Khasi (4) Bundelkhandi

31. यदि आदान की प्रवृत्ति अपेक्षाकृत अधिक प्रतिष्ठित शब्द-समूह से नि:सरित होने की हो तथा उनके गुणार्थ की प्रकृति भी प्रतिष्ठित प्रकार की हो तो संबंधित भाषा को ________ से जुड़ा माना जाता है।

(1) अधस्तल भाषा (2) उपरितल भाषा (3) निकटतल भाषा (4) बोली

32. वह पद जो उन रूपों के बीच, जिन्हें मूल रूप से अपरिवर्तनीय संरचना माना जाता है, स्वनिक अंतर के आधार पर किसी भाषा के प्रतिलोम भाषायी इतिहास को इंगित करता है, कहलाता है :

(1) शाब्दिक विसरण (2) सादृश्यमूलक परिवर्तन
(3) तुलनात्मक विधि (4) आंतरिक पुनर्गठन

33. यद्यपि संस्कृत एक विभक्तिप्रधान भाषा है, ऐसा माना जाता है कि ________ के प्रभाव में भारतीय-आर्यन भाषाएँ योजक बनी हैं।

(1) तिब्बती-बर्मी (2) अस्ट्रो-एशियाई
(3) द्रविड़ (4) आंतरिक विकास

34. अंग्रेजी अभिव्यक्ति 'World View' जिसे जर्मनी भाषा की अभिव्यक्ति 'Weltanschauung' से लिया गया है, ________ का उदाहरण है।

(1) आगत मिश्र शब्द (2) आगत अनुवाद
(3) एसिमिलेटिड् लोन (4) अनएसिमिलेटिड् लोन

35. निम्नलिखित में से किसने इस सिद्धांत का प्रतिपादन किया है कि स्वन-परिवर्तन पूर्णतया स्वनिक कारकों से प्रभावित होते हैं तथा स्वन सिद्धांत भी इसका अपवाद नहीं है?

(1) नव्यवैयाकरण (2) फर्डिनेंड द सस्युर
(3) एडवार्ड सपीर (4) डेनियल जोंस

36. **अभिकथन (A) :** स्वन-परिवर्तन नियमित रूप से सिर्फ विशिष्ट समय पर और विशिष्ट भाषा-भाषी समुदाय में घटित होता है।

**तर्क (R) :** स्वन-परिवर्तन वह परिवर्तन है जो यांत्रिक रूप से घटित होता है जिसका अभिप्राय है कि यह मनोवैज्ञानिक प्रेरणा से घटित नहीं होता है।

**कूट :**

(1) (A) सही है और (R) गलत है। (2) (A) गलत है और (R) सही है।
(3) (A) और (R) दोनों सही हैं। (4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

37. निम्नलिखित में से कौन एकाकी भाषा (लैंग्वेज आइसोलेट) है?

(1) नागामीज (2) निहाली (3) खासी (4) बुन्देलखण्डी

38. Which of the following statements is **correct** ?

(1) The SVO languages are structurally different from the SOV and VSO languages taken together.

(2) The SOV languages are structurally different from the SVO and VSO languages taken together.

(3) The VSO languages are structurally different from the SVO and SOV languages taken together.

(4) All languages with the SVO, SOV and VSO word orders are structurally similar.

39. If the structural similarities among languages are taken as part of an attempt to make a classification of languages, it is called ________.

(1) Typology (2) Reconstruction (3) Etymology (4) Analogy

40. **Assertion (A) :** A language with the SVO word order is clearly prefixing.

**Reason (R) :** Though English has the SVO order, it is predominantly suffixing.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are incorrect.

(2) Both (A) and (R) are correct.

(3) (A) is correct and (R) is incorrect.

(4) (A) is incorrect and (R) is correct.

41. Borrowed words are usually remodelled to fit the phonological and morphological structure of the borrowing language. The process is called :

(1) Receipient language (2) Donor language

(3) Adaptation (4) Loan words

42. A hypothesis which was emerged from the open criticism toward BEHAVIORISM and particularly the Contrastive Analysis Hypothesis (CAH) on SLA in the 1970 is :

(1) Error Analysis (2) Creative Construction Hypothesis

(3) Acquisition Learning Hypothesis (4) Krashen's Hypothesis

Prepp
Your Personal Exams Guide

38. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है ?

(1) SVO भाषाएँ संरचना के आधार पर SOV और VSO भाषाओं से अलग हैं।

(2) SOV भाषाएँ संरचना के आधार पर SVO और VSO भाषाओं से अलग हैं।

(3) VSO भाषाएँ संरचना के आधार पर SVO और SOV भाषाओं से अलग हैं।

(4) SVO, SOV और VSO शब्द क्रम वाली सभी भाषाएँ संरचना के आधार पर एक समान हैं।

39. यदि भाषाओं के बीच की संरचनात्मक समानता को भाषाओं का वर्गीकरण करने के प्रयास के हिस्सा के रूप में लिया जाता है, तो इसे ______ कहा जाता है।

(1) प्ररूपविज्ञान (2) पुनर्संरचना (3) व्युत्पत्तिविज्ञान (4) सादृश्य

40. **अभिकथन (A) :** SVO शब्द व्यवस्था वाली भाषा स्पष्टत: उपसर्ग प्रधान होती है।

**तर्क (R) :** यद्यपि अंग्रेजी SVO शब्द-व्यवस्था वाली भाषा है, यह प्रबल रूप से प्रत्यय प्रधान भाषा है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों गलत हैं। (2) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(3) (A) सही है और (R) गलत है। (4) (A) गलत है और (R) सही है।

41. आगत शब्दों को सामान्यत: स्वीकरण भाषा की स्वनिमिक और रूपात्मक संरचना के संगत रूप दिया है। यह प्रक्रिया कहलाती है :

(1) ग्रहणकर्त्ता भाषा (2) दाता भाषा

(3) अनुकूलन (4) आगत शब्द

42. वर्ष 1970 में, व्यवहारवाद और विशेषकर एस एल ए के संबंध में विषम विश्लेषण प्राक्कल्पना के बारे में खुली आलोचना से एक प्राक्कल्पना अस्तित्व में आई। इस प्राक्कल्पना को कहते हैं :

(1) त्रुटि विश्लेषण (2) सर्जनात्मक निर्माण प्राक्कल्पना

(3) प्रयुक्ति अधिगम प्राक्कल्पना (4) क्रेशेन्श प्राक्कल्पना

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

43. Match the List-I with List-II and select the **correct** answer from the following code :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Inter Language Hypothesis | (i) | Robert Lado |
| (b) | Monitor Model | (ii) | Noam Chomsky |
| (c) | Language Acquisition Device | (iii) | Larry Selinker |
| (d) | Contrastive Analysis | (iv) | Stephen Krashen |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

44. Match List-I with List-II and select the **correct** response from the code given below :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Faithful translation | (i) | It reproduces the matter without the content or the form of original. |
| (b) | Semantic translation | (ii) | Freest form of translation used mainly for plays and poetry. |
| (c) | Adaptation | (iii) | It takes more account of the aesthetic value. |
| (d) | Free translation | (iv) | Reproduces the precise contextual meaning of the original. |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

45. **Assertion (A) :** Chomsky emphasized the active contribution of the child and de-emphasized the role of habit-formation.

**Reason (R) :** He attributed the child with the Innate language learning capacity which is unique and different from general cognitive mechanism.

Code :

(1) Both (A) and (R) are correct.
(2) (A) is correct, but (R) is false.
(3) (A) is false, but (R) is correct.
(4) Both (A) and (R) are false.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अंतर-भाषा प्राक्कल्पना | (i) | राबर्ट लाडो |
| (b) | परिवीक्षण निदर्श | (ii) | नोम चोमस्की |
| (c) | भाषा अर्जन प्रविधि | (iii) | लैरी सेलिन्कर |
| (d) | विषम विश्लेषण | (iv) | स्टीफेन क्रेशेन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

44. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | विश्वसनीय अनुवाद | (i) | इसमें विषय को मूल के पाठ अथवा रूप के बगैर नए रूप में प्रस्तुत किया जाता है। |
| (b) | अर्थविषयक अनुवाद | (ii) | अनुवाद का सर्वाधिक मुक्त रूप जिसका प्रयोग मुख्यत: नाटकों और पद्य के लिए किया जाता है। |
| (c) | अनुकूलन | (iii) | इसमें सौन्दर्य का विशेष ध्यान रखा जाता है। |
| (d) | मुक्त अनुवाद | (iv) | इसमें मूल का संक्षिप्त पाठार्थ प्रस्तुत किया जाता है। |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

45. **अभिकथन** (A) : चोमस्की ने बच्चे के सक्रिय योगदान पर बल दिया था तथा आदत-निर्माण की भूमिका के प्रभाव को नकारा था।

**तर्क** (R) : उन्होंने बच्चे की अंतर्जात भाषा अधिगम क्षमता को श्रेय दिया था जो सामान्य संज्ञानात्मक तंत्र से विशिष्ट और अलग है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।
(2) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(3) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
(4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

46. Culturally sensitive view of literacy practices as they vary from one context to another is known as :

(1) Autonomous model of literacy  (2) Ideological model of literacy
(3) The new literacy  (4) Computer literacy

47. An approach to language teaching in which the computer is used as an aid to the presentation, reinforcement and assessment of material to be taught is known as :

(1) CALL  (2) CALT  (3) CALI  (4) CELL

48. **Assertion (A) :** In Pidgins and Creoles, the vocabulary is usually traceable to a single language, always the language of the dominant group involved in the contact.

**Reason (R) :** The grammatical structure generally can not be traced to any single language.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true.  (2) (A) is true, but (R) is false.
(3) (A) is false, but (R) is true.  (4) Both (A) and (R) are false.

49. Variationist sociolinguistics, which is strongly associated with William Labov is based on the premise that :

(1) Language reflects identity.  (2) Language reflects nationality.
(3) Language reflects ideology.  (4) None of the above

50. Match **List-I** with **List-II** and select the **correct** response from the code given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Language shift | (i) | Tends to be more standardized |
| (b) | Terminal stages of diglossia | (ii) | H variety replaces the L variety |
| (c) | Language maintenance | (iii) | L variety replaces the H variety |
| (d) | H variety | (iv) | No change in language use |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

- o O o -

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

46. साक्षरता कार्यों की सांस्कृतिक रूप से भावनात्मक संकल्पना जो एक संदर्भ से दूसरे संदर्भ में अलग होती है, कहलाती है :

(1) साक्षरता का स्वायत्त निदर्श (2) साक्षरता का सैद्धांतिक निदर्श
(3) नयी साक्षरता (4) कम्प्यूटर साक्षरता

47. भाषा शिक्षण का वह उपागम जिसमें कम्प्यूटर का प्रयोग पढ़ाई जानेवाली विषय सामग्री के प्रस्तुतीकरण, प्रबलन और आकलन हेतु सहायक के रूप में किया जाता है, कहलाता है :

(1) CALL (2) CALT (3) CALI (4) CELL

48. **अभिकथन (A) :** पिजिन और क्रियाल में सामान्यत: शब्दावली एकल भाषा, हमेशा सम्पर्क वाले प्रबल भाषा समूह की भाषा से ली जाती है।

**तर्क (R) :** सामान्यत: व्याकरणिक संरचना किसी एक भाषा से नहीं ली जा सकती।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं। (2) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।
(3) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है। (4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

49. परिवर्तनशील समाज-भाषाविज्ञान जो पुरजोर रूप से विलियम लेबोव के साथ जुड़ा है, वह निम्नलिखित में से किस आधार-वाक्य पर आधारित है ?

(1) भाषा पहचान को परिलक्षित करती है। (2) भाषा राष्ट्रीयता को परिलक्षित करती है।
(3) भाषा विचारधारा को परिलक्षित करती है। (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | भाषा परिवृत्ति | (i) | अपेक्षाकृत अधिक मानक होने की प्रवृत्ति होती है। |
| (b) | द्विभाषारूपिता के आवधिक चरण | (ii) | H वेरायटी L वेरायटी को प्रतिस्थापित करती है। |
| (c) | भाषा अनुरक्षण | (iii) | L वेरायटी H वेरायटी को प्रतिस्थापित करती है। |
| (d) | H वेरायटी | (iv) | भाषा प्रयोग में कोई परिवर्तन नहीं होता है। |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

- o O o -

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

Prepp Your Personal Exam Guide